# बकरीद पर्व जनपद में सकुशल सम्पन्न

- अमन-भाईचारे की मिसाल बना बरेली
- डीएम-एसएसपी की सतत निगरानी में शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुई नमाज, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व गुरुवार को पूरे जनपद में शांति, सौहार्द और भाईचारे के वातावरण में सकुशल सम्पन्न हुआ। डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य की सतत निगरानी तथा पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी के चलते पूरे जिले में त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। लोगों ने ईद की नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी और मुल्क में अमन, चैन और तरक्की की दुआ मांगी।

डीएम अविनाश सिंह ने पर्व के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि जनपद की 1392 मस्जिदों और 176 ईदगाहों में नमाज अदा की गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्रभावी व्यवस्था के चलते कहीं भी खुले में कुर्बानी या सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी गई। त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक स्तर पर निगरानी व्यवस्था लागू की गई थी। मुख्य विकास अधिकारी को तहसील नवाबगंज, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) को आंवला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को फरीदपुर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को बहेड़ी तथा बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को मीरगंज का प्रभारी अधिकारी बनाया गया था। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में दस प्रभारी अधिकारियों की तैनाती की गई थी। तीन जोनल मजिस्ट्रेट और दो स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट लगातार निगरानी में सक्रिय रहे।

उपजिलाधिकारियों द्वारा क्षेत्र और सेक्टरवार ड्यूटी लगाई गई थी। सभी अधिकारी एवं मोबाइल टीमें लगातार भ्रमण करती रहीं तथा संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती गई।

मस्जिदों और ईदगाहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के जरिए प्रमुख स्थलों की लगातार निगरानी की गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी कड़ी मॉनिटरिंग रखी गई, तथा अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

## बहेड़ी में अमन और भाईचारे के साथ मनाई गई बकरीद

बहेड़ी नगर एवं देहात क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का पर्व धार्मिक आस्था और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मुल्क में अमन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। इसके बाद सुन्नत-ए-इब्राहिमी पर अमल करते हुए कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ।

पुराने रोडवेज स्थित कदीमी ईदगाह में मुफ्ती निसार मियां ने नमाज अदा कराई। आलाहजरत ईदगाह में नूरी मियां, पुरानी मस्जिद में सय्यद इफ्तिखार मियां, बाजार वाली मस्जिद में कारी अतीक रजा, मोती मस्जिद में हाफिज अनवार कादरी तथा मियां वाली मस्जिद में हाफिज अनवार अहमद ने नमाज पढ़ाई। इसके अलावा ताज मस्जिद, सकलैनी मस्जिद, उमर मस्जिद, अजहरी मस्जिद और मदीना मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में भी अकीदतमंदों ने नमाज अदा की।

ईद के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। इस दौरान एसडीएम इशिता किशोर, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार, तहसीलदार भानू प्रताप सिंह, नगर पालिका ईओ शशि प्रभा तथा इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। इंटेलीजेंस और दमकल विभाग की टीमें भी अलर्ट मोड पर तैनात रहीं। चौकी प्रभारी नीरज सिंह, अनुज कुमार सिंह और पीतांबर सिंह सहित पुलिस व पीएसी बल पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर तैनात रहा।

## देवरनियां और रिछा में भी दिखा भाईचारे का माहौल

कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के कस्बा देवरनियां, रिछा, गिरधरपुर समेत विभिन्न गांवों में भी ईद-उल-अजहा का पर्व धार्मिक उल्लास और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भीड़ रही। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन, शांति एवं खुशहाली की दुआ मांगी।

कस्बा रिछा की अहले हदीस ईदगाह में सुबह सात बजे नमाज अदा की गई, जहां महिलाओं के लिए पर्दे की विशेष व्यवस्था की गई थी। वहीं सुन्नी ईदगाह में बंगाली मस्जिद के इमाम मासूम अली ने नमाज पढ़ाई। जामा मस्जिद, मोती मस्जिद और कादरी मस्जिद में भी बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने नमाज अदा की। मोती मस्जिद में हाफिज मुबीन तथा कादरी मस्जिद में मुफ्ती शमशाद कारी मंजरी ने नमाज पढ़ाई।

गांव गिरधरपुर में भी सुन्नी ईदगाह और अहले हदीस ईदगाह में अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। इस दौरान कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी अपनी पुलिस टीम के साथ पूरे दिन क्षेत्र में भ्रमण करते रहे, और लोगों को ईद की मुबारकबाद देते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

पूरे दिन कोतवाली क्षेत्र में उत्साह और भाईचारे का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की सतर्कता और जनता के सहयोग से ही त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो सका।

## शाही में निर्माणाधीन मकान पर गिरी आकाशीय बिजली, पिता-पुत्र झुलसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गुरुवार रात करीब 10 बजे कस्बा शाही के मोहल्ला गांधी नगर में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के दो लोग झुलस गए।घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला गांधी नगर निवासी राजू उर्फ राजवीर सागर अपने निर्माणाधीन मकान में पुत्र निखिल सागर के साथ खपरैल के दरवाजे के पास बैठे थे। इसी दौरान तेज गरज-चमक के साथ अचानक आकाशीय बिजली रस्सीनुमा चिंगारी के रूप में घर में आ गिरी। बिजली गिरते ही पूरे मकान में तेज रोशनी फैल गई और दोनों की आंखों के सामने अंधेरा छा गया। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से राजू और उनका पुत्र निखिल झुलस गए। परिजनों ने दोनों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।पीड़ित राजवीर सागर ने बताया कि बिजली गिरने से घर में लगे बिजली बोर्ड, वायरिंग और अन्य विद्युत उपकरण जल गए। वहीं बिस्तर और चारपाई भी झुलस गई। घर के आंगन में खड़े जुगाड़ वाहन पर पड़ी काली पन्नी भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घायलों का हालचाल जाना। गनीमत रही कि हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

## एक नजर

### सांप के काटने से सात वर्षीय बच्ची की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर में सांप काटने से सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। परिजन समय पर अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़फूंक के चक्कर में पड़े रहे, जिससे मासूम की जान नहीं बच सकी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।जानकारी के अनुसार गांव कुतुबपुर निवासी लेखराज की सात वर्षीय पुत्री खुशबू को किसी जहरीले सांप ने पैर में काट लिया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़फूंक के लिए बिलासपुर समेत कई स्थानों पर लेकर गए। हालत बिगड़ने पर बाद में बच्ची को सीएचसी मीरगंज लाया गया।जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद खुशबू को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चिकित्सकों का कहना है कि सांप काटने की स्थिति में झाड़फूंक के बजाय तत्काल अस्पताल पहुंचकर उपचार कराना चाहिए, क्योंकि समय पर इलाज मिलने से जान बचाई जा सकती है।

### विवाहिता ने दो युवकों पर उत्पीड़न और धमकी देने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव दियोरिया अब्दुल्लागंज निवासी एक विवाहिता ने दो युवकों पर पीछा करने, अभद्रता करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार दियोरिया अब्दुल्लागंज निवासी आरती पत्नी रामेश्वर का मायका सिरौली थाना क्षेत्र के गांव बड़ागांव में है। आरती ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि दो युवक उसका जीना दुश्वार किए हुए हैं। आरोप है कि दोनों आए दिन अभद्रता करते हैं और घर में घुस आते हैं। विवाह होने के बाद भी दोनों उसका पीछा नहीं छोड़ रहे हैं।पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया और फोन कर उसे तथा उसके पति को धमकाते हैं। आरोप है कि दोनों कहते हैं कि वे महिला को अपने साथ रखना चाहते हैं। ससुराल से निकलने पर पीछा करते हैं और मायके जाने पर पति को जान से मारने की धमकी देते हैं। गुरुवार को विवाहिता अपने पति के साथ थाने पहुंची और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। महिला ने आशंका जताई कि आरोपियों की हरकतों से उसका परिवार बर्बाद हो सकता है।पुलिस ने आरती की तहरीर पर तेजपाल निवासी बड़ागांव तथा मुनेंद्र निवासी चंचरी पचतौर, थाना बिसारतगंज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग कोयुवक लेकर हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की एक बस्ती की नाबालिग किशोरी अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। पिता ने प्रेमी के साथ ही पुत्री को भगाने में मदद करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर की एक बस्ती के रहने वाले एक व्यक्ति की 15 वर्षीय पुत्री को मोहल्ले का ही शिवम बहला फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी मिलने पर किशोरी के पिता को पता चला कि उनकी पुत्री को भगाने में नजदीकी बस्ती यासीननगर की रहने वाली ववली नाम की महिला ने मदद की है। पिता ने दोनों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस किशोरी की बरामदगी में लगी है।

### डीएम के आदेश पर खोला गया मन्दिर की भूमि का दरवाजा कराया बंद, पुलिस से हुई नोंक झोंक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के नए पुल के पास स्थित मन्दिर की भूमि पर पास के ही एक दबंग ने अपना दरवाजा खोल लिया था, जिसका पहले तो बस्ती के लोगों ने इसका काफी विरोध किया लेकिन दरवाजा बंद नहीं किया जा सका था।

गुजरी 2 मई को यहां सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम अविनाश सिंह के सामने मंदिर के महंत लाल गिरी द्वारा दरवाजा खोले जाने का मुद्दा उठाया था, जिस पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए नगर पालिका को तत्काल ही कार्यवाही के आदेश दिए थे। डीएम के आदेश पर परिषद के ईओ ने पुलिस को एक पत्र भेजते हुए पुलिस बल उपलब्ध कराए जाने की मांग की थी, ईओ के इस पत्र पर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के सफाई प्रभारी अमर सिंह, लिपिक कैलाश कुमार भारी पुलिस बल के साथ स्थल पर जा पहुंचे, और दरवाजा बंद करने के लिए दीवार खड़ी करवाना शुरू कर दिया, इसी दौरान पुलिस के साथ ही नगर पालिका कर्मियों की दरवाजा खोलने वालों से काफी देर तक नोक झोंक होती रही, लेकिन इस विरोध का न तो पुलिस पर कोई असर पड़ा और न ही नगर पालिका टीम पर कोई असर हुआ। नगर पालिका की टीम मन्दिर की ओर खोले गए इस दरवाजा को बन्द कराने के बाद वापस लौट आई।

### नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर युवक लेकर फरार, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** थाना क्षेत्र के गांव से एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार उनकी 15 वर्षीय पुत्री 28 मई को दोपहर करीब 3:30 बजे घर से लापता हो गई। आरोप है कि गांव निवासी राकेश यादव अपने साथियों पप्पू, शिपट्टर तथा चरन सिंह के सहयोग से किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने किशोरी की गांव व रिश्तेदारियों में काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित पिता का आरोप है कि जब उन्होंने गांव के चरन सिंह पुत्र शिपट्टर एवं शिपट्टर से शिकायत की तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया। पीड़ित पिता ने आशंका जताई है कि आरोपी उनकी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई घटना होती है तो उसके जिम्मेदार आरोपी ही होंगे। पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दूसरे घर जा रहे मस्जिद कमेटी के मेम्बर पर दबंगों ने बरसाए ईट पत्थर, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के नजदीकी गांव ईंधजागीर में कुर्बानी कराने अपने एक घर से दूसरे घर जा रहे मस्जिद कमेटी के मेम्बर पर गांव के दबंगों ने घेर कर पीटा उसके बाद छतों पर चढ़कर किए गए पथराव बाजी में जहां एक व्यक्ति की अंगुली टूट गई तो एक बालिका भी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने सभी घायलों को चिकित्सीय परीक्षण को नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां से उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया।



गांव की मस्जिद कमेटी के वरिष्ठ मेम्बर मो0 नदीम ईद की नमाज अदा करने के बाद सुबह करीब 11 बजे कुर्बानी कराने के लिए अपने एक घर से दूसरे घर जा रहा था कि पहले से ही एक घर में घात लगाए बैठे दबंगों ने उसे घेर लिया और जमकर पीटा उसके बाद दबंग घरों की छतों पर चढ़ गए और वहां से किए गए पथराव बाजी में मस्जिद कमेटी के मेम्बर मो0 नदीम, नसीम, इकबाल के साथ ही एक 8 वर्षीय किशोरी आलिया पत्थर लगने से घायल हो गए।

दबंगों द्वारा किए गए इस पथराव बाजी से गांव में अफरा तफरी मच गई। कोतवाली पहुंचे सभी घायलों को पुलिस ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेडिकल परीक्षण को भेज दिया, जहां से गंभीर रूप से घायलों को बरेली रेफर कर दिया गया।

घटना की तहरीर मस्जिद कमेटी के मेम्बर मो. नदीम की ओर से पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस ने शहजादे, इम्तियाज, इमरान, ईशान, जीशान, करीम बक्श, तस्लीम, याकूब, अखलाक और अख्तर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## जोशो खरोश के साथ मनाया गया बकरीद का त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** गुरुवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्र में ईद उल अजहा का पर्व बड़े ही जोशोखरोश के साथ मनाया गया। कस्बे की प्रमुख ईदगाह में सुबह 9 बजे नमाज अदा की गई।



अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की जेरे सरपरस्ती में ईद उल अजहा की नमाज अपने पूर्व घोषित समय 9 बजे अदा की गई। जामा मस्जिद के पेशे इमाम कारी मौलाना फरियाद हुसैन ने नमाज अदा कराई। ईदगाह पर सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था, जैसे जैसे नमाज का वक्त कर्रीब आता गया वैसे वैसे लोगों की तादात भी बढ़ती गई। प्रशासन द्वारा ईदगाह के बाहर और दुकानों के ऊपर नमाज पढ़ने पर रोक लगाए जाने के बाद बड़ी तादात में लोग ईदगाह के बाहर ही रह गए, जिसे देखते हुए तत्काल ही कमेटी ने इस बार भी दोबारा नमाज अदा कराए जाने का ऐलान किया। जैसे ही पहली नमाज अदा की गई और देश प्रदेश में अमन चौन और खुशहाली की दुआ की गई, उसके बाद दूसरी नमाज अदा कराई गई। इसके साथ ही कस्बे की अधिकांश मस्जिदों में सुबह 7 बजे से लेकर 8.30 बजे तक अलग अलग समय पर ईदुलअजहा की नमाज अदा की गई।

नमाज पढ़ने के बाद बड़ी तादात में लोग कब्रिस्तान पहुंचे। अपने अजीज अकारिवों की कब्र पर जाकर फूल चढ़ाए और इसाले सवाब कर उनकी मगफिरत के लिए दुआ की।

शान्ति पूर्ण रूप से ईद की नमाज अदा कराए जाने के लिए पूरे समय एसडीएम उदित पवार, सीओ गौरव सिंह, कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर असलम अंसारी के साथ ही कमेटी के सदस्यों ने क्षेत्र के लोगों को ईदुल अजहा की मुबारकबाद दी। कब्रिस्तान में फातेहा पढ़ने के बाद लोगों ने कुर्बानी की।

## खजुरिया में महिला को सांप ने डसा इलाज छोड़ झाड़ फूंक कराते रहे परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया में शुक्रवार सुबह एक महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। घटना के बाद परिजन महिला को अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़फूंक कराने में जुटे रहे। खबर लिखे जाने तक महिला का घर पर ही झाड़फूंक के जरिए उपचार कराया जा रहा था।जानकारी के अनुसार खजुरिया निवासी लीलावती (55) पत्नी भोले राम शुक्रवार सुबह घर में झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। ग्रामीणों के मुताबिक सर्पदंश के कुछ ही देर बाद महिला की हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गईं।परिजन महिला को जिले भर में झाड़फूंक करने वाले सपेरों के पास लेकर गए, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। इसके बावजूद परिजन अंधविश्वास में डूबे रहे और अस्पताल ले जाने के बजाय घर पर ही झाड़फूंक कराने में लगे रहे। लीलावती के चार पुत्र और एक पुत्री हैं।

### शादी वाले घर में छाया मातम जैसा माहौल

बताया गया कि रविवार को भोले राम की भतीजी की शादी होनी है और परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था। इसी बीच लीलावती को सांप के डसने की घटना से घर में सन्नाटा पसर गया। परिजनों की चिंता बढ़ गई और शादी की खुशियां फीकी पड़ गईं।

## खेत में मिला युवक का शव, सिर पर चोट के निशान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव ठिरिया खेतल निवासी 22 वर्षीय राजेश प्रजापति पुत्र सुम्मेरी लाल प्रजापति का शव शुक्रवार को सहोड़ा महाराज जी के पास जंगल में सागौन के खेत में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। युवक गुरुवार से लापता था और परिजन उसकी लगातार तलाश कर रहे थे। शुक्रवार सुबह शव मिलने की सूचना पर गांव में लोगों की भीड़ जुट गई।

राजेश प्रजापति ईंट भट्टे पर ईंट निकासी का काम करता था। परिजनों के अनुसार वह गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे दो लोगों के साथ भट्टे से घर आया था और अपने साथ हफ्ते की मजदूरी के रुपये भी लाया था। इसके कुछ समय बाद वह अचानक गायब हो गया। देर रात तक घर न लौटने पर परिवार के लोग उसकी तलाश में जुट गए थे। शुक्रवार को ग्रामीणों ने सहोड़ा महाराज जी के पास सागौन के खेत में शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के सिर के पिछले हिस्से में चोट के निशान मिलने से मामला संदिग्ध माना जा रहा है और हत्या की आशंका भी जताई जा रही है।चर्चा है कि युवक आखिरी बार दो लोगों के साथ देखा गया था। पुलिस दोनों युवकों की जानकारी जूटा रही है । मृतक की जेब से 25 हजार 760 रुपये बरामद हुए हैं।राजेश अविवाहित था और सात भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि मृतक के पिता ने दोपहर में राजवीर और नरेन्द्र के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया उस पर गुमसुदगी दर्ज है। उसी के आधार पर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। दोनों लोगों की तालश की जा रही है।

## आंधी-तूफान से मीरगंज की बिजली व्यवस्था चरमराई

**33 केवी लाइन के दो टावर गिरे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गुरुवार रात आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने मीरगंज क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के चलते भाखड़ा नदी के दोनों ओर 33 केवी लाइन के दो टावर गिर गए, जबकि कई स्थानों पर पेड़ और शाखाएं बिजली लाइनों पर गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।बताया गया कि लाइन पर पेड़ गिरने से दोनों टावर क्षतिग्रस्त होकर धराशायी हो गए।

मुख्य लाइनें क्षतिग्रस्त होने से मीरगंज के नगरीय एवं ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र ठप पड़ गए। इसके अलावा कई फीडरों की लाइनें खंभे टूटने से क्षतिग्रस्त हो गई और कई ट्रांसफॉर्मर भी खराब हो गए।बिजली आपूर्ति बाधित होने से तहसील मुख्यालय समेत मीरगंज ग्रामीण उपकेंद्र से जुड़े गांवों में गुरुवार रात से शुक्रवार दिनभर बिजली गुल रही। भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घरों में लगे इन्वर्टर जवाब दे गए, जिससे लोग पेड़ों की छांव में बैठकर समय बिताने को मजबूर रहे। शुक्रवार सुबह एसडीओ सूर्य प्रताप सिंह और अवर अभियंता करुणेश मिश्रा कर्मचारियों के साथ क्षेत्र में पहुंचे और क्षतिग्रस्त लाइनों का जायजा लिया। अधिकारियों की निगरानी में मुख्य लाइन पर गिरे पेड़ हटवाए गए। विद्युत कर्मचारी क्षतिग्रस्त टावरों और लाइनों को दुरुस्त करने में जुटे रहे। अवर अभियंता करुणेश मिश्रा ने बताया कि मीरगंज के दोनों उपकेंद्रों की मुख्य लाइनें क्षतिग्रस्त हैं। नगरीय उपकेंद्र की आपूर्ति जल्द बहाल कर दी जाएगी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली सुचारू होने में कुछ समय लग सकता है।

### आंधी में गिरी मकानों की दीवारें, सड़कें भी बाधित

आंधी-तूफान के चलते आमौर गांव निवासी चंदन शर्मा के मकान की पक्की दीवार गिर गई, जबकि ऊपर लगा टीन शेड उड़कर दूर जा गिरा। कुल्छा खुर्द गांव में मुन्नी देवी पत्नी बुद्धसेन के दो मंजिला मकान की सीमेंट की चादरें टूटकर गिर गईं, जिससे कमरे में रखा सामान मलबे में दब गया। वहीं शाही-भिटौरा रोड पर पेड़ गिरने से यातायात कई घंटों तक बाधित रहा।

### आंधी से जौनेर मेले की दुकानें अस्त-व्यस्त

जौनेर गांव में गुरुवार रात मेले का शुभारंभ हुआ था, लेकिन कुछ ही देर बाद आए आंधी-तूफान ने मेले की रौनक फीकी कर दी। तेज हवाओं से दुकानों के तिरपाल उड़ गए और सामान बिखर गया। मेले में पहुंचे लोग वापस घर लौट गए। दुकानों पर तैयार खाने-पीने का सामान भी खराब हो गया।मेला उद्घाटन में शामिल संतोष शर्मा और रामेंद्र सिंह ने बताया कि जौनेर-मीरगंज रोड पर शीशम का पेड़ गिरने से रास्ता बंद हो गया था, जिससे देर रात किसी तरह वापस लौटना पड़ा। मेला आयोजक मुनेंद्र शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को दुकानदारों ने दोबारा दुकानें व्यवस्थित कर मेले को फिर से शुरू किया।

## एसडीएम और सहायक निदेशक मत्स्य ने किया फिश फार्म का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र स्थित एक फिश फार्म का उपजिलाधिकारी निधि शुक्ला एवं सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पांडे ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान फार्म में मत्स्य पालन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं और उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन किया गया।निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पांडे ने तालाबों की स्थिति, पानी की गुणवत्ता, मछली बीज की गुणवत्ता तथा मत्स्य पालन प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं का आकलन किया। साथ ही फार्म कर्मचारियों से बातचीत कर संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त की।सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि उक्त फिश फार्म में कटला, रोहू, नैन, सिल्वर कार्प, ग्रास कार्प एवं कॉमन कार्प प्रजातियों की ब्रीडिंग की जाती है। ब्रीडिंग के लिए तीन से चार प्रजनक तालाब बनाए गए हैं, जिनमें लगभग 50 से 60 कुंतल प्रजनक मछलियां संग्रहीत हैं। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष फार्म में करीब 12 करोड़ मत्स्य बीज का उत्पादन किया गया, जिसकी आपूर्ति बरेली जनपद के अलावा अन्य जिलों और प्रदेशों में भी की जाती है।फार्म का कुल क्षेत्रफल लगभग 3.5 हेक्टेयर बताया गया।



फार्म संचालक अंचल गुप्ता ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से मत्स्य व्यवसाय से जुड़े हुए हैं और लगातार उत्पादन बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पांडे ने कहा कि यह निरीक्षण सरकार द्वारा मत्स्य पालन क्षेत्र को विकसित करने तथा किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है। सरकार मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं और सब्सिडी भी उपलब्ध करा रही है।

